# बिहार सरकार

## समाहरणालय, नवादा।

## (जिला बाल संरक्षण इकाई)

## –:नियोजन सूचनाः–

## विज्ञापन संख्या–01/2026

सचिव, समाज कल्याण–सह–अध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना का पत्रांक–297, दिनांक–26.04.2023 एवं निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के पत्रांक–365, दिनांक–02.03.2026 से प्राप्त निदेश के आलोक में बाल गृह (बालक) यूनिट–01 वृहद आश्रय गृह, नवादा में निम्नांकित पदों पर विनिर्धारित मानदेय एवं संविदा आधारित अस्थाई नियोजन हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

| Sl. No | Name of Post | Total Post | Essential Qualification | Experience | Salary |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Educator (Part Time)** | 01 (UR-1) | 10+2 with Diploma in elementary education (D.El.Ed.) or B.E.d. from recognized University. | At least one year experience of teaching in a school or institution. | 10,000/- |
| 2 | **Art & Craft Cum Music Teacher (Part Time)** | 01 (UR-1) | 10+2 with Diploma/Degree in Art & Craft/Music from recognized University. | At least one year experience in a school or institution. | 10,000/- |
| 3 | **PT Instructor cum Yoga Trainer (Part Time)** | 01 (UR-1) | 10+2 with Diploma/Degree in Yoga/Sports/Athletics/Physical education. | At least one year experience in a school or institution. | 10,000/- |
| 4 | **Cook** | 02 (UR-1 EBC-1) | 8th Pass | At least one year experience in a school or institution. | 9,930/- |
| 5 | **Helper-cum-night watchman** | 02 (UR-1 EBC-1) | 8th Pass | ………… | 7,944/- |
| 6 | **Housekeeper** | 01 (UR-1) | 8th Pass | ………… | 7,944/- |
| | | | **Special Unit** | | |
| 7 | **Care Taker-Cum-Vocational instructor** | 01 (UR-1) | Matriculation with certificate course in vocational Trade (Tailoring, Handicraft, Mobile repairing, basic computer skill like Data Entry etc.) | A minimum of 1 Year experience working as a vocational trainer/instructor in a school/ institution. | 9,930/- |

**उक्त सभी पदों पर नियोजन हेतु उम्र सीमा, शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य प्रावधान निम्नवत होंगें:–**

1. मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्राप्त शैक्षणिक योग्यता को ही मान्यता दी जायेगी।
2. **उम्र सीमा –**

- सभी पदों के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष होगी।
  **अधिकतम उम्र सीमा** – संविदा पर नियोजन हेतु अधिकतम आयु सीमा –
- अनारक्षित वर्ग (पुरुष) – 37 वर्ष।
- अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष।
- पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरुष एवं महिला) – 40 वर्ष।
  (उम्र की गणना 01.01.2026 के आधार पर की जायेगी।

3. **चयन प्रक्रियाः–**
   1. पदवार निर्धारित योग्यता तथा न्यूनतम कार्य अनुभव की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित योग्यता में प्राप्तांक के प्रतिशत, उच्चतर डिग्री हेतु निर्धारित अंक तथा साक्षात्कार के लिये अंको के वेटेज के आधार पर मेधा सूची का निर्माण कर किया जाएगा। न्यूनतम कार्य अनुभव रखना अनिवार्य होगा लेकिन इसे मेधा सूची हेतु अंक गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा किसी पद विशेष हेतु निर्धारित विषय विशेष में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता धारित करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जायेगा।
   2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया में प्रारंभिक मेधासूची 60 अंको की बनायी जायेगी जिसमें न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्रतिशत प्राप्तांक हेतु 50 प्रतिशत अंक तथा 10 (5+5) अंक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में उसी विषय से अधिकतम 02 उच्चतर डिग्री हेतु दिए जायेंगे। उक्त प्रारंभिक मेधासूची से एक निश्चित संख्या में अभ्यर्थियों

को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु 40 अंक निर्धारित किये जाते हैं। अंतिम मेधासूची शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार के अंकों को जोडकर 100 अंको के आधार पर बनायी जायेगी।

3. मेधा सूची में समान अंक रहने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

**4. नियोजन की शर्तें:–**

1. इच्छुक प्रतिभागी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक–11.07.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक केवल निबंधित डाक द्वारा पता– जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा, राजेन्द्र नगर, बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे पिन–805110, (बिहार) में समर्पित करें। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त आवदेन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
2. प्रतिभागी आवेदन के साथ शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र के लिए अंतिम 06 माह का वेतन/पारिश्रमिक/मानदेय भुगतान के साक्ष्य के रूप में बैंक स्टेटमेंट/प्रमाणित वेतन विवरणी इत्यादि की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करेंगे।
3. केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत वैध संस्थाओं अथवा नीति आयोग पर पंजीकृत गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सक्षम प्राधिकार के कार्यालय ज्ञापांक एवं दिनांक के साथ निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। विद्यालय से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र हेतु यह अनिवार्य है कि उक्त विद्यालय शिक्षा विभाग/मान्यता प्राप्त बोर्ड से सम्बद्ध हो एवं प्रमाण पत्र कार्यालय ज्ञापांक, दिनाक के साथ निर्गत हो।
4. प्रतिभागी लिफाफा के उपर मोटे अक्षरों में **"बाल गृह (बालक) यूनिट–01 वृहद आश्रय गृह, नवादा" मे चयन हेतु आवेदन"** तथा **आवेदित पद** का नाम का उल्लेख करेंगे।
5. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
6. विज्ञापन से संबंधित विशेष जानकारी, नियोजन की कार्रवाई एवं सूचना हेतु नवादा जिला के वेबसाइट **nawada.nic.in** का अवलोकन करते रहेंगे।
7. चयनित कर्मियों को संस्थान में नियमानुसार आवासन सुनिश्चित करना होगा।
8. अनुबंध पर नियोजित कर्मी सरकारी सेवक नहीं माने जाएंगे तथा सरकारी सुविधा के अधिकारी नहीं होंगे। बिना कारण बताए कभी भी उनके अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।
9. विभाग द्वारा भविष्य में इन पदों पर स्थाई नियुक्ति होने पर अथवा केन्द्र सरकर द्वारा पद समाप्त किये जाने या योजना मद में आवंटन समाप्त किये जाने पर पद स्वतः समाप्त माना जायेगा। साथ ही विभाग द्वारा उक्त गृह के संचालन के सबंध में किसी भी तरह के लिये गये निर्णय/निदेश से उपरोक्त नियोजन प्रभावित होगा।
10. नियोजन के बाद शैक्षणिक/अनुभव प्रमाण पत्र/अन्य कोई दस्तावेज फर्जी पाये जाने की स्थिति में मानदेय के रूप में दी गयी राशि वसूल की जायेगी तथा उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।
11. आवेदन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार जिला नियोजन समिति, नवादा के पास सुरक्षित होगा एवं जिला नियोजन समिति, नवादा इस विज्ञापन को बिना कोई कारण बताये निरस्त कर सकती है।

विश्वासभाजन

16/06/2026

प्रभारी सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
नवादा।

ज्ञापांक–535 बा0सं0/दिनांक–16/6/2026।

प्रतिलिपि:– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, नवादा को, जिला के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

16/06/2026

प्रभारी सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
नवादा।

**समाहरणालय, नवादा**
**जिला बाल संरक्षण इकाई,**
**(विज्ञापन संख्या–01/2026)**

(कार्यालय द्वारा भरा जाएगा–अनुक्रमांक–..................................आवेदन–पत्र प्राप्ति की तिथि.............................)

| अद्यतन रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ |
|---|
| हस्ताक्षर |

1. आवेदित पद का नाम–...............................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम–...............................................................................

   (क) हिन्दी में–...............................................................................

   (ख) अंग्रेजी में (बड़े अक्षरों में)–...............................................................................
3. पिता/पति का नाम–...............................................................................
4. माता का नाम–...............................................................................
5. लिंग–...............................................................................
6. जन्म तिथि–...............................................................................
7. मोबाइल नम्बर–...............................................................................
8. ई–मेल आई0डी0–...............................................................................
9. कोटि (अनारक्षित/अ0पि0वर्ग/पिछड़ा वर्ग /अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति–...............................................................................
10. स्थायी पता–

    ग्रामः–..........................................पोस्टः–...............................थानाः–..............................................

    जिलाः–.........................................राज्यः–.............................पिनकोडः–.............................................

    मो0नंः–........................................ई–मेलः–...............................................................................
11. पत्राचार का पता–

    ग्रामः–..........................................पोस्टः–...............................थानाः–..............................................

    जिलाः–.........................................राज्यः–.............................पिनकोडः–.............................................

    मो0नं0ः–........................................ई–मेलः–...............................................................................

शैक्षणिक योग्यता–

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | संकाय | उत्तीर्ण वर्ष | विद्यालय/महाविद्यालय का नाम | प्राप्तांक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आठवां | | | | | |
| 02 | मैट्रिकुलेशन | | | | | |
| 03 | इन्टरमिडिएट | | | | | |
| 04 | डिप्लोमा | | | | | |
| 05 | स्नातक | | | | | |
| 06 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 07 | अन्य | | | | | |

अनुभव से संबंधित विवरणी–

- संस्थान का नाम–
- अवधि–

**–: घोषणा :–**

मै...........................................................एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। मै जानता/जानती हूँ कि नियोजन के किसी भी चरण में मेरे द्वारा दी गई जानकारी गलत पाये जाने पर मेरा/मेरी उम्मीदवारी/नियोजन बिना किसी सूचना के रद्द कर दी जाएगी।

स्थल–

दिनांक–

हस्ताक्षर

(1) हिन्दी में–

(2) अंग्रेजी में–